**दिनांक 21.03.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति, हर घर जल प्रमाणीकरण तथा आ रही समस्याओं के समाधान किये जाने के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

---

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पुनर्गठन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति, हर घर जल प्रमाणीकरण तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 21.03.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे से कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें–

1. श्री सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति), हमीरपुर।
2. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
3. श्री डी0एन0 प्रसाद, अधि0 अभि0, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर।
4. श्री आर0के0 राव, अधि0 अभि0, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर।
5. श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियंता वि0/याँ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
6. श्री शिवम कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
7. श्री अभिमन्यु तिवारी, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
8. श्री रोहित गर्ग, मैके0इंजी0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
9. श्री संतोष कुमार, सोशल एक्सपर्ट, पी0एम0सी0, हमीरपुर।
10. श्री शैलेन्द्र गुप्ता, असिस्टेंट जनरल मैनेजर, JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
11. श्री कौशलेन्द्र यादव, असिस्टेंट जनरल मैनेजर, JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
12. श्री प्रभांशु गुप्ता, मैनेजर, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
13. श्री राकेश पारिख, डी0पी0एम0, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
14. श्री अमित वर्मा, श्री हरि इन्फ्रा प्रा0 लि0।
15. श्री प्रियांशू सिंह, जय माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्शन आदि।

फर्म जे.डब्लू.आई.एल.–एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 0.306किमी पाइप लाइन का कार्य तथा 06 ग्रामों में हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जाने का कार्य शेष है। कार्यदायी फर्म पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 03 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डाडा ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित ग्रामों में पाइप लाइन लीकेज ठीक कराये जाने हेतु 30 टीमें लगाये जाने की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष फर्म मात्र 16 टीमें लगायी गयी हैं। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पर्याप्त टीमें न होने के कारण कार्यदायी फर्मों द्वारा पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत तथा नियमित जलापूर्ति के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाली शिकायतों ससमय निस्तारण नहीं हो पाने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पडता है।

अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित ग्राम चमरखन्ना, भभौरा, रायर, मिहुना व मकरॉव वि0ख0 सुमेरपुर तथा खंडेहीजार, बांकी, कल्ला, कीरतपुर वि0ख0 मौदहा में शत–प्रतिशत परिवारों को जलापूर्ति



Scanned with OKEN Scanner

नहीं है। इसी प्रकार अन्य योजनाओं ग्राम औंता राठ, पचखुरा सरीला, करहिया गोंदहा, हरसुंडी सरीला, बांकी सुमेरपुर, गहरौली मुस्करा आदि ग्रामों से विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई है, किन्तु कार्यदायी फर्मो द्वारा ससमय शिकायतों निस्तारण कर रेक्टिफिकेशन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है।

शिकायतों का निस्तारण ससमय न किये जाने पर असंतोष प्रकट किया गया तथा कार्यदायी फर्मों को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर पाइप लाइन लीकेज तथा पेयजल से सम्बन्धित प्राप्त होने वाली शिकायतों का ससमय निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये तथा यदि किसी ग्राम/मोहल्ले में कार्य अवशेष हो तो पूर्ण करा लिया जाय। हर घर जल प्रमाणीकरण दिनांक 31.03.2025 के पूर्व पूर्ण करा लिया जाय तथा योजना से आच्छादित समस्त ग्रामों के प्रत्येक परिवार को निर्धारित रोस्टर के अनुसार तथा दैनिक रूप से शत-प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय तथा शिकायतों का यथाशीघ्र निस्तारण कर अनुपालन आख्या अधि० अभि0, जल निगम ग्रामीण को उपलब्ध कराई जाय।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म श्री हरि इन्फ्रा प्रा0लि0 द्वारा 02, मै0 बी0के0 कन्सट्रक्शन द्वारा 02, मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा 01, मै0 अवस्थी ट्यूबवेल द्वारा 01 तथा जय माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्शन द्वारा 01 ग्राम में रोड रेस्टोरेशन का कार्य शेष है।

कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया कि पर्याप्त मैनपावर लगाकर 31.03.2025 तक रोड रेस्टोरेशन तथा अन्य कार्य यदि अवशेष हो तो मानक के अनुरूप पूर्ण कर रोस्टर के अनुसार नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के 10 नग विद्युत संयोजनों का भुगतान कराया जाना शेष है। अधिशासी अभियंता, वि0/यां0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत गया कि बकाया बिलों के भुगतान की कार्यवाही करायी जा रही है, कुछ विद्युत बिल त्रुटिपूर्ण प्राप्त हुए है, जिससे समय लग रहा है, प्राप्त विद्युत बीजकों/बिलों की एम0आर0आई0 रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया। अधिशासी अभियंता, वि0/यां0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम समूह पेयजल योजना के डब्लू0टी0पी0 तथा सी0डब्लू0आर0 पर स्वतंत्र फीडर के माध्यम से विद्युत उपलब्ध कराया जाना है, किन्तु स्वतंत्र फीडर का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं गया है। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराया गया कि चॉदीकला, छिरका व भवानी सी0डब्लू0आर0 पर विद्युत मीटर एवं टू पोल सी0टी0/पी0टी0 लगभग 10 दिनों से खराब है।

अधिशासी अभियंता वि0/यां0, जल निगम ग्रामीण, चित्रकूट तथा कार्यदायी फर्मो को समय से नियमानुसार विद्युत विद्युत बिलों का भुगतान कराये जाने के निर्देश दिये गये। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड हमीरपुर/राठ को नियमानुसार स्वतंत्र फीडर का कार्य पूर्ण कराने तथा विद्युत सम्बन्धित कमियों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया कि जॉच कर ली जाय की अवर जलाशय व अन्य कार्य स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं अनुबंधानुसार गुणवत्तापूर्ण करा लिया गया है। यह सुनिश्चित कर लिया जाय की पेयजल की आपूर्ति प्रतिदिन व नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार शत-प्रतिशत परिवारो को की जा रही है। विगत वर्षों में ग्रीष्म ऋतु में पानी की अधिक समस्या वाले ग्रामो, विशेषतः ऊँचाई पर स्थित ग्राम/मुहल्लों में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर लिया जाय, जिससे अगामी ग्रीष्मऋतु मे पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। पेयजल की नियमित रूप से जॉच की जाय कि पेयजल की आपूर्ति मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण की जा रही है। डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर,



Scanned with OKEN Scanner

सेन्सिस टेक लि0(टी0पी0आई0) को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 10 ग्रामों का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध करायी जाय।

निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए व निरंतर पर्यवेक्षण करते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

29/3/25

अपर जिलाधिकारी

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)

O/C हमीरपुर।

**कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर**

*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या-960/ न0गंगे-पे0यो0-रा0बै0(2024-25) दिनांक-29 मार्च, 2025

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-

1 प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई-मेल)
2 जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4 मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई-मेल द्वारा)
5 मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई-मेल द्वारा)
6 अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7. अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0, रा0/हमीरपुर।
8. अधिशासी अभि0, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक मे दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 05 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
9. अधिशासी अभियता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई-मेल द्वारा)
10. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)/सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
12. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मो को अनुपालनार्थ। (ई-मेल द्वारा)

29/3/25

अपर जिलाधिकारी

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)

O/C हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner